तापमान

भोपाल	24.0°	27.0°
इंदौर	24.0°	27.0°
जबलपुर	24.0°	27.0°
ग्वालियर	26.0°	31.0°
सागर	23.0°	27.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 261, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल अष्टमी संवत् 2083
गुरुवार, 20 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... मां शारदा लोक से मैहर में बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन ...

खेल... सचिन के नाम है सबसे अधिक टेस्ट स्थलों पर खेलने ...

व्यापार... सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी के भाव में ...

देश-विदेश... बांग्लादेश में जेल में कैद अवामी लीग की नेता ...

पानी की बोतलों में मिलाया गया मूत्र, प्राचार्य के असंवेदनशील जवाब से बढ़ा आक्रोश; कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

गुना में छात्राओं को पेशाब पिलाने का आरोप, स्कूल में जड़ा ताला

नईदुनिया प्रतिनिधि, गुना : मध्य प्रदेश के गुना जिले के आरोन विकासखंड स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांचवीं की छात्राओं को कथित तौर पर पानी की बोतल में मूत्र मिलाकर पिलाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों और परिजनों में आक्रोश फैल गया।

मंगलवार को ग्रामीणों ने स्कूल में ताला लगाकर दोषी छात्रों और प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि सोमवार को कुछ छात्राएं पास के आंगनवाड़ी केंद्र में रंगोली बनाने गई थीं। इस दौरान उन्होंने अपने बैग और पानी की बोतलें कक्षा में छोड़ दी थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक छात्र ने छात्राओं की पानी की बोतल में मूत्र मिला दिया। आंगनवाड़ी से लौटने के बाद छात्राओं ने बोतलों से पानी पिया। इसके बाद उन्हें पानी के स्वाद को लेकर संदेह हुआ और उन्होंने स्कूल प्राचार्य से शिकायत की। आरोप है कि प्राचार्य ने शिकायत को गंभीरता से लेने के बजाय छात्राओं को चॉकलेट खाने की सलाह दी। घर पहुंचने के बाद छात्राओं ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मंगलवार सुबह स्कूल पहुंचे और जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने स्कूल में ताला लगा दिया और दोषी छात्रों के साथ कथित तौर पर लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर आरोन की अनुविभागीय अधिकारी मंजूषा खत्री ने संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर तहसीलदार कृष्णकांत चौबे और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्राओं, उनके परिजनों और संबंधित छात्रों के बयान दर्ज किए।

दो दिनों में मांगी जांच रिपोर्ट

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच करने और दो दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था भी की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले छात्रों और जिम्मेदार स्कूल कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रयागराज में लगातार तीसरे दिन बारिश, घरों में घुसा पानी हिमाचल-उत्तराखंड में 6 मौतें

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली/लखनऊ/पटना/जयपुरः देश के कई राज्यों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को लगातार तीसरे दिन बारिश हुई। कई इलाकों में घरों में पानी घुसने से बेड, सोफा और अन्य घरेलू सामान डूब गए। जिले में लगातार दूसरे दिन सभी स्कूल बंद रहे। रामबाग रेलवे स्टेशन के तीन रेलवे ट्रैक भी पानी में डूब गए।

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में गंडक नदी के तेज कटाव से एक प्राथमिक विद्यालय के पांच में से चार कमरे नदी में समा गए। स्कूल का बचा हुआ हिस्सा भी कटाव की चपेट में है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में मंगलवार को भारी बारिश के दौरान हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक ट्रक चालक और नेपाल के दो मजदूर शामिल हैं।

खास-खबरें

सांसद महुआ मोइत्रा होंगी गिरफ्तार?

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता : पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कृष्णनगर अदालत ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कथित नफरत भरे भाषण के मामले में बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अदालत ने यह कार्रवाई बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद उनके व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं होने पर की है। कृष्णनगर अदालत के न्यायाधीश दिव्येंदु दास ने सांसद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। मामला भारतीय सेना, सुरक्षा बलों और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़ा है।

दिल्ली में एसआईआर की तारीख फिर बढ़ी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की समय-सारिणी एक बार फिर बढ़ा दी गई है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बुधवार को संशोधित कार्यक्रम जारी किया। यह तीसरी बार है जब एसआईआर की प्रमुख तारीखों में बदलाव किया गया है। अब अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 नवंबर 2026 को होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 24 अगस्त को किया जाएगा। पहले इसके लिए 17 अगस्त की तारीख तय थी। इसके बाद 31 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

बिजनेस वीजा की प्रक्रिया तेज करने बांग्लादेश की गुहार

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : बांग्लादेश ने भारत से अपने नागरिकों के लिए कारोबारी वीजा जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने का अनुरोध किया है। बांग्लादेश का कहना है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कारोबारियों की आवाजाही आसान होना जरूरी है। बांग्लादेश की ओर से भारत से कारोबारी यात्रियों के लिए बिजनेस वीजा की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की मांग की गई है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियों को गति देने और कारोबारी संपर्क बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

'फूलों का तारों का...' गाते हुए डॉ. यादव ने बहनों को दिया तोहफा...

मैहर से मिली नैहर की नेग

- लाड़लियों को 1500 रुपये के साथ 250 रुपये का शगुन
- मैहर में 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 2148 करोड़ रुपये अंतरित, 256 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल/मैहर : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मैहर में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की राशि महिलाओं के खातों में अंतरित की।

प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को नियमित 1500 रुपये के साथ सावन और रक्षाबंधन के अवसर पर 250 रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी गई। सरकार ने कुल 2148 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों को संबोधित किया और फिल्मी गीत 'फूलों का तारों का...' की पंक्तियां भी गाईं। उन्होंने कहा कि राखी का त्योहार वर्ष में एक बार आता है, लेकिन सरकार हर महीने लाड़ली बहनों के साथ यह उत्सव मनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को राशि देने का वादा सरकार ने किया था और इसे लगातार पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों तक भी लाड़ली बहनों को योजना की राशि देने का निर्णय लिया गया है। महिलाओं के खातों में राशि अंतरित करने के साथ मुख्यमंत्री ने मैहर में 256 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं पर पुष्प वर्षा की और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

सड़क से रेलवे तक, मोदी कैबिनेट ने पांच परियोजनाओं को दी मंजूरी

- मुजफ्फरपुर-सितामढ़ी-सोनबरसा राजमार्ग चार लेन में होगा तब्दील, चार रेल परियोजनाओं से आठ जिलों को मिलेगा फायदा
- बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण की एक परियोजना

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः पी नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश के बुनियादी ढांचे और परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पांच बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण की एक परियोजना और पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश से जुड़ी चार रेल परियोजनाएं शामिल हैं।

बिहार में राजमार्ग का चौड़ीकरण



मंत्रिमंडल ने बिहार में मुजफ्फरपुर-सितामढ़ी-सोनबरसा खंड के राष्ट्रीय राजमार्ग-22 को चार लेन में विकसित करने की मंजूरी दी है। करीब 82.58 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 3,590.73 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना का निर्माण संकर वार्षिकी मॉडल के तहत किया जाएगा। इसके पूरा होने से उत्तर बिहार में सड़क संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है। साथ ही नेपाल सीमा तक यात्रियों और माल के आवागमन को भी सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

रेल नेटवर्क को मिलेगा 410 किलोमीटर का विस्तार : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के आठ जिलों को कवर करने वाली चार बहुमार्गीकरण रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 9,450 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं के तहत भारतीय रेल नेटवर्क में करीब 410 किलोमीटर का विस्तार होगा। इससे रेल मार्गों पर माल ढुलाई की क्षमता बढ़ने और ट्रेनों की आवाजाही में सुधार होने की उम्मीद है। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद माल परिवहन में आने वाली बाधाएं भी कम होंगी। सरकार ने इन सभी रेल परियोजनाओं को वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र के अनुसार, इन परियोजनाओं से संबंधित राज्यों में परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

बुजुर्ग माता-पिता बच्चों को संपत्ति से कर सकते हैं बेदखल : सुको

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों से जुड़े एक अहम मामले में कहा है कि बुजुर्ग माता-पिता जरूरत पड़ने पर अपने बच्चों और बहू-बेटे को अपनी संपत्ति से बेदखल करा सकते हैं। अदालत ने कहा कि बढ़ती उम्र का अर्थ असुरक्षा, अपमान या परेशानी सहना नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना कानून का प्रमुख उद्देश्य है। अदालत ने कहा कि किसी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करता है।

यह मामला लखनऊ के विकास नगर निवासी रवि कांत गुप्ता से जुड़ा है। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनके बेटे और बहू को मकान से बेदखल करने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। मामले के अनुसार, रवि कांत गुप्ता की 81 वर्षीय मां को कथित तौर पर जबरन वृद्धाश्रम भेज दिया गया था। इसके बाद उन्होंने 5 जून 2022 को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत जिला प्रशासन से अपने बेटे को संपत्ति से बेदखल करने की मांग की।

उपखंड अधिकारी ने पाया कि संबंधित मकान रवि कांत गुप्ता की स्वअर्जित संपत्ति है। रिकॉर्ड में यह भी सामने आया कि उनके बेटे ने अपनी दादी को घर में रहने की अनुमति नहीं दी और कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद 15 नवंबर 2022 को बेटे को संपत्ति से बेदखल करने का आदेश दिया गया।

जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अगस्त 2023 को भी इस आदेश को बरकरार रखा और बेटे-बहू को मकान का कब्जा वापस करने का निर्देश दिया।

बेटे और बहू ने इस आदेश को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

जौहर यूनिवर्सिटी पर 14 घंटे चली ईडी की छापेमारी, 10 ठिकानों पर दस्तावेज खंगाले

नईदुनिया ब्यूरो, रामपुरः समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट से जुड़े 10 ठिकानों पर बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की। रामपुर स्थित यूनिवर्सिटी परिसर में ईडी की टीम करीब 14 घंटे तक जांच करती रही। कार्रवाई सुबह 7 बजे शुरू हुई और रात करीब 9 बजे समाप्त हुई। इसके बाद करीब 15 अधिकारियों की टीम छह वाहनों से परिसर से बाहर निकली। ईडी ने रामपुर के अलावा सहारनपुर और दिल्ली में भी कार्रवाई की।

सहारनपुर में चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक गुप्ता के कार्यालय और घर पर भी टीम पहुंची। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है। हालांकि, छापेमारी में क्या-क्या मिला, इसकी आधिकारिक जानकारी ईडी की ओर से अभी सामने नहीं आई है। जांच एजेंसियों के अनुसार, सरकारी ठेकों से मिले धन को कथित तौर पर जौहर यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े ट्रस्ट तक पहुंचाया गया। आरोप है कि इस धन का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियों के निर्माण और अन्य कार्यों में किया गया। छापेमारी के दौरान यूनिवर्सिटी के बाहर 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। कार्रवाई के बीच यूनिवर्सिटी में कक्षाएं भी चलती रहीं। छात्रों को पहचान पत्र की जांच के बाद परिसर में प्रवेश दिया गया।

दिल्ली में सीएनजी पंप पर धमाका, तीन की मौत और तीन घायल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली के टिकरी कलां इलाके में बुधवार को सीएनजी पंप पर ट्रक में गैस भरते समय टैंक फटने से बड़ा हादसा हो गया। धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में सीएनजी पंप पर काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, दोपहर करीब 3:37 बजे टिकरी कलां स्थित सीएनजी केंद्र पर धमाके की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही छह दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि ट्रक में गैस भरते समय उसका टैंक फट गया। धमाके की चपेट में पास खड़े छह लोग आए। सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

इंदौर में स्वाइन फ्लू से महिला की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : मध्य प्रदेश के इंदौर में बुधवार शाम स्वाइन फ्लू से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज चल रहा था। मेडिकल रिपोर्ट में स्वाइन फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। महिला को कोई दूसरी बीमारी नहीं थी। अस्पताल के मुताबिक, मृतक की पहचान सरोज नागर (60) के रूप में हुई है। वे उज्जैन के ऋषि नगर की रहने वाली थीं। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जांच रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

'यह भारत का अहम हिस्सा' : अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का जम्मू-कश्मीर दौरा, बयान पर चर्चा

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर : भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा किया और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में गोर ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बताया। उनके इस बयान की राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा हो रही है। जम्मू-कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से संवेदनशील विषय रहा है।

रांची में छात्रों का आंदोलन दो महीने के लिए स्थगित

नईदुनिया ब्यूरो, रांचीः झारखंड की राजधानी रांची में जेपीएससी स्टेडियम में 25 जुलाई से चल रहा छात्रों का आंदोलन फिलहाल दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। आंदोलनकारी छात्रों ने राज्य सरकार को 60 दिनों का समय दिया है। छात्रों ने कहा है कि इस अवधि में परीक्षाओं में हुई कथित गड़बड़ी की केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच शुरू नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

झारखंड सरकार ने अपराध अनुसंधान विभाग की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर 22 परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला लिया है। वहीं छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित की गई है, जबकि 17 परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच की जाएगी। सरकार की कार्रवाई के बाद छात्रों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का फैसला किया है। हालांकि, उनका कहना है कि उनकी मुख्य मांग परीक्षाओं में हुई कथित धांधली की केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराना है। छात्रों ने सरकार को 60 दिन का समय दिया है।

घोषणा *मुख्यमंत्री विजय ने किया बड़ा एलान, विधायकों को सरकारी वाहन के साथ चालक, ईंधन और रखरखाव का खर्च भी मिलेगा...*

विधायकों को नई कार, 75 हजार भत्ता और 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा

नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नई : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने राज्य के सभी 234 विधायकों के लिए नई सुविधाओं वाले राहत पैकेज की घोषणा की है। इसके तहत प्रत्येक विधायक को सरकारी कार, चालक, ईंधन और रखरखाव के खर्च के लिए हर महीने 75 हजार रुपये का विशेष भत्ता दिया जाएगा। इसके अलावा सरकारी कामकाज के लिए सचिव रखने हेतु 25 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता भी मिलेगी।

विधायकों के स्वास्थ्य बीमा की सीमा भी बढ़ाई गई है। अब उन्हें पांच लाख रुपये के बजाय 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय ने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि विधायकों को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई विधायक सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं और पहली बार निर्वाचित हुए हैं। उनके अनुसार यह व्यवस्था पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित करने में मदद करेगी। यह फैसला वीसीके विधायक जोतिमणि की ओर से विधायकों के लिए बेहतर आवागमन और कामकाज संबंधी सुविधाओं की मांग के बाद लिया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री राज मोहन और कांग्रेस विधायक थरगई कथबर्ट ने भी फैसले का समर्थन किया। उनका कहना है कि इससे चालकों और सचिवों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

हालांकि, विपक्षी डीएमके ने सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता ए. सर्वनन ने इसे फिजूलखर्ची बताते हुए कहा कि 234 विधायकों के लिए नई कारें खरीदने और भारी भत्ते देने से राज्य के खजाने पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में किसानों के लिए भी बड़ी घोषणा की है।

मुख्यमंत्री विजय का यू-टर्न...

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की सरकार ने छात्रों को राजनीतिक प्रदर्शनों और आंदोलनों से दूर रहने का निर्देश वापस ले लिया है। कॉलेज शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी यह आदेश सामने आने के करीब 24 घंटे बाद वापस लिया गया। सरकार ने स्कूलों, कॉलेजों, पुलिस और जिला प्रशासन को निर्देश दिया था कि छात्रों को राजनीतिक प्रदर्शनों और आंदोलनों में शामिल होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। यह निर्देश वामपंथी दलों और तमिलनाडु कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया था। सरकार के इस कदम का विरोध शुरू हो गया था। पिछले सप्ताह मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा था कि छात्रों को अपनी राय और विचार व्यक्त करने के लिए विरोध-प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है भले ही उनके विचार गलत क्यों न हों।